


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Aligarh News: महोबा दुष्कर्म के विरोध में किया प्रदर्शन




अलीगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महोबा में अनुसूचित जाति की छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों में डर और आक्रोश का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार से कानून व्यवस्था मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान, हिना मिर्जा, रुखसाना बेगम, शगूफा खान, पूर्व शहर अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी, डूंगर सिंह, हेमंत शर्मा टोटो, नदीम गफूर और ओमप्रकाश सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## Aligarh News: पिंक टॉयलेट्स में बंद पड़ी सेनेटरी पैड मशीनें




अलीगढ़ में महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए पिंक टॉयलेट्स बदहाल स्थिति में पहुंच गए हैं। शहर के कई पिंक शौचालयों में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें और डिस्पोजल मशीनें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि जरूरत के समय शौचालयों में सेनेटरी पैड उपलब्ध नहीं होते और साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहद कमजोर है। रेलवे रोड, कंपनी बाग और अब्दुल्ला कॉलेज के पास बने सार्वजनिक शौचालयों में मशीनें या तो खाली पड़ी हैं या लगी ही नहीं हैं। रेलवे रोड निवासी संजना ने बताया कि रेलवे रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय में वेंडिंग मशीन तक नहीं लगी है, जबकि कंपनी बाग के शौचालय में वेंडिंग और डिस्पोजल दोनों मशीनें गायब हैं। वहीं महेंद्र नगर निवासी नीलम ने कहा कि अब्दुल्ला कॉलेज के पास बने पिंक टॉयलेट में मशीनें लंबे समय से खाली पड़ी हैं और बस स्टैंड के पास बेहतर सुविधाओं वाले शौचालय बनाए जाने चाहिए।

## School Closed: डीएम का आया आदेश, आज से पांच दिन तक सभी बोर्ड के स्कूल रहेंगे बंद

अलीगढ़ में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी स्कूलों में पांच दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार के आदेश के अनुसार जिले के सभी बोर्डों के कक्षा 1 से 12 तक के स्कूल 27 मई से 30 मई 2026 तक बंद रहेंगे। 31 मई को रविवार होने के कारण छात्रों को लगातार पांच दिन की छुट्टी मिलेगी। यह आदेश जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर लागू होगा। इसमें सीबीएसई, आईसीएसई, यूपी बोर्ड समेत अन्य सभी बोर्ड शामिल हैं।




प्रशासन ने साफ निर्देश दिए हैं कि इस दौरान स्कूलों में किसी भी प्रकार की पढ़ाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम या खेलकूद गतिविधि नहीं कराई जाएगी और छात्रों को स्कूल परिसर में नहीं बुलाया जाएगा। हालांकि, स्कूल प्रबंधन चाहें तो पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधकों को आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश का उल्लंघन कर स्कूल खोलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

## Aligarh News: पिंक टॉयलेट्स में बंद पड़ी सेनेटरी पैड मशीनें



अलीगढ़ में कलेक्ट्रेट स्थित निर्भया सेल टूटते परिवारों को फिर से जोड़ने का काम कर रहा है। फरवरी 2026 में शुरू हुए इस सेल ने महज दो महीनों में काउंसलिंग के जरिए 33 परिवारों को बिखरने से बचाया है। संयुक्त परिवार में रहने को लेकर विवाद, पति-पत्नी के बीच समय की कमी और अलग रहने की जिद जैसे मामलों को समझदारी से सुलझाया जा रहा है। निर्भया सेल में निगरानी समिति की सदस्य नीतू सारस्वत और हितेश कुमारी की देखरेख में पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग की जा रही है। एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव के निर्देशन में चल रहे इस सेल में पिछले दो महीनों में कुल 44 मामले पहुंचे, जिनमें से 33 परिवारों को दोबारा साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया।

एक मामले में पत्नी पति के नौकरी वाले शहर में साथ रहने की जिद कर रही थी, जबकि पति आर्थिक परेशानियों का हवाला दे रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों अलग रहने लगे। निर्भया सेल की काउंसलिंग के बाद पति ने तीन महीने में पत्नी को साथ ले जाने का भरोसा दिया, जिसके बाद दोनों खुशी-खुशी घर लौट गए। वहीं दूसरे मामले में पत्नी संयुक्त परिवार से अलग रहने की मांग कर रही थी और पति काम में इतना व्यस्त था कि परिवार को समय नहीं दे पा रहा था। हालात तलाक तक पहुंच गए थे, लेकिन काउंसलिंग के बाद पत्नी ने अलग रहने की जिद छोड़ दी और पति ने परिवार को समय देने का वादा किया।

## Aligarh News: रुड़की में बन रही थीं नकली दवाइयां



अलीगढ़ के फफाला बाजार से जुड़े एक बड़े नकली दवा रैकेट का खुलासा हुआ है। औषधि विभाग की 18 दिन तक चली छापेमारी और जांच में सामने आया कि फफाला का एक थोक दवा व्यापारी रुड़की में नामी कंपनियों की नकली दर्द निवारक दवाइयां तैयार करवाकर आगरा में सप्लाई कर रहा था। मामले का खुलासा छह मई को आगरा की एक मेडिकल एजेंसी पर छापेमारी के दौरान हुआ। जांच में खरीद से ज्यादा बिक्री के बिल मिलने पर एजेंसी संचालक सुरेंद्र गुप्ता से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अलीगढ़ के मयंक गुप्ता का नाम लिया। आरोप है कि मयंक ने मोटे मुनाफे का लालच देकर नकली दवाओं का कारोबार शुरू कराया। जांच में सामने आया कि मयंक गुप्ता ने रुड़की की एक फार्मास्युटिकल्स कंपनी के निदेशक अन्नू अरोड़ा और संयम अरोड़ा के जरिए असली बैच नंबर पर नकली टैबलेट तैयार कराईं। इन दवाओं को बस के जरिए आगरा भेजा जाता था और भुगतान हवाला के माध्यम से किया जाता था। एक साल में करीब 2.60 करोड़ रुपये की नकली दवाएं बाजार में खपाने की बात सामने आई है। औषधि विभाग ने रुड़की की फैक्ट्री पर छापा मारकर नकली दवाओं के रैपर और कई संदिग्ध सामग्री बरामद की। जांच में पता चला कि नकली टैबलेट के रैपर पर एक विशेष डॉट था, जो असली दवाओं में नहीं होता। मामले में सुरेंद्र गुप्ता, मयंक गुप्ता, अन्नू अरोड़ा और संयम अरोड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। औषधि निरीक्षक दीपक लोधी के अनुसार, मयंक गुप्ता को लाइसेंस संबंधी नोटिस जारी किया गया है। उसकी दुकान वर्ष 2011 से बंद बताई जा रही है और नगर निगम ने उसे सील कर रखा है।

# Aaj Ka Rashifal 27 May

## इन राशि वालों को कुछ बेहतरीन अवसरों की प्राप्ति हो सकती है,



27 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 27 मई 2026 का राशिफल।27 मई बुधवार को सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग का संयोग बन रहा है जिससे कई राशि वालों के लिए शुभ संकेत हैं। इस शुभ योग के चलते कई राशियों के लिए धन प्राप्ति के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। जिन लोगों का कोई काम पिछले कई दिनों से अधूरा रह रहा था

### मेष

आज का दिन रिश्तों में मिठास घोलने वाला रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल इतना शानदार रहेगा कि छोटी-छोटी बातें भी खुशी दे जाएंगी। घर का माहौल प्यार और अपनापन से भरा रहेगा। समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। संतान की कोई छोटी-सी इच्छा पूरी करके आप उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। बस ध्यान रखें, परिवार में किसी की बात अगर दिल को चुभ जाए तो उसे तूल देने की बजाय समझदारी से संभालें, क्योंकि आज रिश्तों को सहेजना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### वृषभ

आज आपका मन दूसरों की मदद करने और धर्म-कर्म में लग सकता है। किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाकर आपको भीतर से सुकून मिलेगा। हालांकि पैतृक संपत्ति से जुड़ा कोई मामला मन को थोड़ा परेशान कर सकता है। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, इसलिए शरीर के संकेतों को समझें। नया काम शुरू करने का विचार आपके लिए शुभ साबित हो सकता है, लेकिन निवेश सोच-समझकर करें। व्यवसाय में अच्छी गति बनी रहेगी और जीवनसाथी का साथ आपको हर मुश्किल में मजबूत बनाए रखेगा।

### मिथुन

आज भाग्य आपके पक्ष में खड़ा दिखाई देगा। धर्म और आध्यात्म की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा और मन को गहरी शांति मिलेगी। बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सुकून देगा और व्यस्तता के बीच मुस्कुराने का मौका भी। आज शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करें, क्योंकि आपकी वाणी ही रिश्तों को मजबूत या कमजोर बना सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से रुके हुए काम पूरे होंगे। सरकारी योजनाओं से लाभ मिलने के संकेत हैं। पिता की किसी बात से मन दुखी हो सकता है, लेकिन धैर्य से बात संभल जाएगी।

### कर्क

आज आपके जीवन में सुख-सुविधाओं की चमक बढ़ती नजर आएगी। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको ऐसी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसका इंतजार आप लंबे समय से कर रहे थे। हालांकि जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान करा सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर रखें। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए आज उम्मीद की किरण जग सकती है। अपने कामों के लिए दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहना आज ठीक नहीं रहेगा।

### सिंह

आज सितारे आपको फिजूलखर्ची से बचने की सलाह दे रहे हैं। कुछ लोग आपकी तरक्की देखकर भीतर ही भीतर जल सकते हैं, इसलिए हर किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। सेहत से जुड़ी किसी पुरानी परेशानी को अब गंभीरता से लेना जरूरी है। पूजा-पाठ और आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा, जिससे मानसिक तनाव काफी हद तक कम होगा और भीतर सकारात्मक ऊर्जा महसूस होगी।

### कन्या

आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी के संकेत हैं और घर में खुशियों की दस्तक सुनाई दे सकती है। परिवार में नए सदस्य के आने की खबर माहौल को उत्साह से भर देगी। प्रेम संबंधों में थोड़ी संवेदनशीलता दिखानी होगी, क्योंकि साथी की भावनाओं को समझना बेहद जरूरी रहेगा। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। मनोरंजन और घूमने-फिरने के मौके भी मिलेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आज आपके काम को नई दिशा दे सकती है।

### तुला

आज आपके अधिकांश काम समय पर पूरे होंगे और यही बात आपको भीतर से संतोष देगी। व्यापार में अटकी हुई कोई बड़ी डील आखिरकार फाइनल हो सकती है। हालांकि किसी दूर के रिश्तेदार से जुड़ी खबर मन को थोड़ा उदास कर सकती है। कार्यक्षेत्र में दूसरों की कमियाँ निकालने की बजाय अपने काम पर ध्यान दें, तभी सफलता हाथ लगेगी। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने के संकेत हैं। यात्रा के दौरान मिली कोई जानकारी भविष्य में आपके लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपको यह सिखाएगा कि काम टालना कभी-कभी बड़ा नुकसान करा सकता है। करियर से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे खत्म होती नजर आएंगी और आपकी समझदारी आपको सही दिशा दिखाएगी। पहले से बनाई गई योजनाएं आज शानदार तरीके से काम करेंगी। किसी दूर रह रहे प्रियजन से मिली खुशखबरी दिल को राहत दे सकती है। परिवार के बड़े सदस्यों के साथ बिताया गया समय रिश्तों में अपनापन और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाएगा।

### धनु

आज आपका दिन भागदौड़ से भरा रहेगा, लेकिन यही भागदौड़ आगे चलकर सफलता का रास्ता खोल सकती है। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात आपके लिए नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है। आय में सुधार होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी की कही-सुनी बातों पर बिना सोचे भरोसा करना नुकसानदेह हो सकता है। मन मौज-मस्ती में जरूर रहेगा, लेकिन जरूरी कामों और पढ़ाई को नजरअंदाज न करें। किसी करीबी की याद आज आपको भावुक कर सकती है।

### मकर

आज का दिन घर-परिवार में सुकून और शांति लेकर आएगा। वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियाँ धीरे-धीरे खत्म होंगी और जीवनसाथी का साथ आपको मजबूत बनाए रखेगा। पारिवारिक मामलों को बातचीत के जरिए आसानी से सुलझा लिया जाएगा। हालांकि व्यवसाय से जुड़ी कुछ आने वाली चुनौतियाँ मन में चिंता पैदा कर सकती हैं। यात्रा पर जाएँ तो अपने कीमती सामानों का खास ध्यान रखें, क्योंकि लापरवाही नुकसान दे सकती है।

### कुंभ

आज का दिन लाभ और नई संभावनाओं से भरा रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात आपके करियर या व्यवसाय को नई दिशा दे सकती है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और लंबे समय से किए गए प्रयासों का फल मिलने लगेगा। शेयर मार्केट या निवेश से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है, लेकिन लालच में आकर बड़ा जोखिम लेने से बचें। समय पर काम पूरा करने की आदत ही आज आपको सफलता दिलाएगी।

### मीन

आज खुशखबरियां आपके दरवाजे पर दस्तक देती नजर आएंगी। आय में बढ़ोतरी होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़ा पुराना मामला आपके पक्ष में सुलझ सकता है, जिससे बड़ी राहत मिलेगी। घर की सजावट या रिनोवेशन का काम शुरू हो सकता है और परिवार में किसी शुभ आयोजन की तैयारी का माहौल बनेगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को आज उम्मीद से भरी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

# दिल्ली के जहरीले नाले बढ़ा रहे हैं

## यमुना का संकट, साहिबाबाद और नजफगढ़ ड्रेन सबसे अधिक प्रदूषित



हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कई नालों में गंदगी और रासायनिक प्रदूषण का स्तर तय सरकारी मानकों से चार से 13 गुना तक अधिक पाया गया है। इसका खुलासा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की अप्रैल माह की रिपोर्ट में हुआ है।दिल्ली के कई नाले और ड्रेन राजधानी की जीवनदायिनी यमुना नदी को लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कई नालों में गंदगी और रासायनिक प्रदूषण का स्तर तय सरकारी मानकों से चार से 13 गुना तक अधिक पाया गया है। इसका खुलासा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की अप्रैल माह की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, कई नालों के साथ-साथ कुछ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी तय मानकों पर खरे नहीं उतर सके। इससे यमुना, आगरा नहर और अन्य जल स्रोतों पर खतरा और बढ़ गया है। डीपीसीसी ने 7 अप्रैल को विभिन्न नालों और ड्रेनों से पानी के नमूने लिए थे। जांच में सामने आया कि कई जगह पानी में जैविक कचरा, रासायनिक तत्व और सीवेज का स्तर बेहद ज्यादा है। इससे पानी की गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है और जलीय जीवन पर असर पड़ सकता है।

यूपी से दिल्ली में प्रवेश करने वाली साहिबाबाद ड्रेन सबसे ज्यादा प्रदूषित पाई गई। यहां बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) 180 मिलीग्राम प्रति लीटर दर्ज की गई, जबकि मानक केवल 30 मिलीग्राम प्रति लीटर है। यानी यह स्तर छह गुना अधिक पाया गया। केमिकल ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी) 392 मिलीग्राम प्रति लीटर और पानी में तैरते अघुलनशील ठोस कण यानी टोटल सस्पेंडेड सॉलिड्स (टीएसएस) 284 मिलीग्राम प्रति लीटर पाए गए, जो तय सीमा से काफी ऊपर है।दिल्ली का सबसे बड़ा नजफगढ़ ड्रेन नेटवर्क भी खराब स्थिति में मिला। बुपानिया ड्रेन में बीओडी 135, मुंगेशपुर ड्रेन में 130 और डीडी-6 ड्रेन में 125 मिलीग्राम प्रति लीटर पाया गया। सप्लीमेंट्री ड्रेन में भी प्रदूषण का स्तर तय मानकों से कई गुना अधिक रहा। इन सभी ड्रेनों में गंदगी और जैविक प्रदूषण सामान्य सीमा से बहुत ऊपर दर्ज किया गया।

# बाप ने दूसरी पत्नी के साथ मिलकर बेटी को मार डाला,

## सामने आया चौंकाने वाला कारण; ये सच जानकर पुलिस भी हैरान



यूपी के मेरठ से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां बाप ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्याकांड को अंजाम देने की वजह चौंकाने वाली है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।मेरठ के भावनपुर थाना इलाके की गोकुलधाम सोसाइटी में पिता ने अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली बेटी खुशी उर्फ खुशबू (17) की गला दबाकर हत्या कर दी। सुबह गुपचुप अंतिम संस्कार भी कर दिया। सूचना पर मंगलवार की दोपहर में हापुड़ से पहुंचे छात्रा के मामा भूपेंद्र शर्मा ने पिता कपिल भारद्वाज और सौतेली मां पिंकी पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने कपिल को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पूछताछ में जुर्म कबूल लिया है। पुलिस को दी तहरीर में हापुड़ के पन्नापुरी निवासी भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके परिजन ने उनकी बहन प्रीति का विवाह वर्ष 2009 में कपिल भारद्वाज से किया था। वर्ष 2017 में प्रीति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनके एक बेटी खुशी और बेटा राधे है। छह माह बाद ही कपिल ने पिंकी से दूसरा विवाह कर लिया। कपिल और पिंकी गोकुलधाम सोसाइटी में रहते हैं। भांजी खुशी और भांजा राधे अपने पिता के साथ रह रहे थे। दोपहर तीन बजे उन्हें किसी पड़ोसी ने सूचना दी कि उनकी भांजी की मौत हो गई है। इसके बाद भूपेंद्र शर्मा अन्य परिजन के साथ पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। एसएसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि आरोपी पिता कपिल को गिरफ्तार कर लिया गया है। कपिल ने बेटी की हत्या क्यों की इस बारे में तरह तरह की बातें कर रहा है। मामले की जांच की जा रही है। जुर्म कबूल करने के बाद भी आरोपी कपिल पुलिस के गुमराह करता रहा। उसका कहना था कि खुशी की स्कूल से शिकायत आती थी। वह मोबाइल चलाती थी। इसलिए उन्होंने हत्या की।महिला पुलिसकर्मियों ने पिंकी के बयान लिए तो वह भी बीमारी से मौत की बात कहकर पुलिस को गुमराह करती रही।

# विराट कोहली के लिए अनुष्का शर्मा ने की प्रार्थना




बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा विराट कोहली के मैच के लिए एक बार फिर सबसे बड़ी चीयरलीडर बन गईं। एक्ट्रेस को गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान, सबसे आगे वाली सीट पर बैठकर अपने पति और उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए जोर-शोर से चीयर करते देखा गया।अपने पति के लिए चीयर करने के अलावा, अनुष्का को टीम की जीत के लिए प्रार्थना करते हुए भी देखा गया। अभिनेत्री को मैच के दौरान मंत्र जाप करते हुए देखा गया। मंत्र जाप करते हुए उनकीतस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। स्टैंड्स से इस मैच को देखते हुए, एक्ट्रेस अपनी उंगली में नाम जाप काउंटर रिंग पहने हुए नजर आईं। एक समय तो अनुष्का को हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए भी देखा गया।तस्वीरों और वीडियो को देखकर फैंस काफी भावुक हो गए। तस्वीर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'देखो, वह आरसीबी के लिए कैसे प्रार्थना कर रही है अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'अनुष्का शर्मा पूरी श्रद्धा से मंत्रों का जाप कर रही थीं, लेकिन फिर भी विराट कोहली हाफ-सेंचुरी पूरी नहीं कर पाए।'आपको बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रनों से हराकर लगाता र दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है।

# वरुण धवन कभी सलमान खान नहीं बन सकते



वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में 90 के दशक के हिट गाने 'चुनरी चुनरी' का रीमेक का इस्तेमाल किया गया है। अब 'चुनरी चुनरी' गाने का रीमेक वर्जन रिलीज भी किया जा चुका है। लेकिन इस गाने को सोशल मीडिया पर यूजर्स से निगेटिव रिएक्शन ही मिल रहे हैं। अब ओरिजिनल 'चुनरी चुनरी' गाने को अपनी आवाज देने वाले दिग्गज गायक अभिजीत भट्टाचार्य ने भी इस गाने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। सलमान खान और करिश्मा कपूर अभिनीत फिल्म 'बीवी नंबर 1' में शामिल इस चार्टबस्टर गीत को अपनी आवाज़ देने वाले अभिजीत भट्टाचार्य ने बॉलीवुड में क्लासिक गानों के रीमिक्स के बढ़ते चलन पर चल रही बहस के बीच इस रीक्रिएशन पर अपनी निराशा व्यक्त की है।एएनआई से बात करते हुए अभिजीत भट्टाचार्य ने 'चुनरी चुनरी' को लेकर कहा कि ये गाना सलमान की जिंदगी का सबसे बड़ा गाना था। जब आई थी, तब से अब तक ट्रेंडिंग है। सलमान खान की जिंदगी का सबसे बड़ा हिट है 'चुनरी चुनरी'।वह वक्त एक उभरता हुआ सितारा था, सुपरस्टार नहीं। वरुण धवन ने सिर्फ उन्हीं फिल्मों में काम किया है जो उनके पिता (डेविड धवन) ने निर्देशित की थीं। वो उन्हीं गानों का इस्तेमाल करते हैं जो कभी हिट हुए थे। वरुण धवन इस गाने से सलमान खान नहीं बन सकते। सलमान खान और वरुण धवन में बहुत बड़ा अंतर है।

# लंबे वक्त बाद पत्नी पूजा संग नजर आए सनी देओल; एयरपोर्ट पर दिखे साथ



अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच हाल ही में उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान उनकी पत्नी पूजा देओल भी साथ दिखीं। कई वर्षों बाद ऐसा पहली बार हुआ जब सनी देओल को उनकी पत्नी के साथ स्पॉट किया गया। सनी देओल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे एक आलीशान कार से उतरते दिख रहे हैं। वे ऑलिव ग्रीन शर्ट, ब्लू डेनिम जींस में दिख रहे हैं। सनी देओल ने स्नीकर्स और काला चश्मा लगाकर अपना लुक कंपलीट किया है। उसी कार से उनकी पत्नी पूजा देओल भी उतरीं। इसके बाद दोनों को साथ में एयरपोर्ट की तरफ बढ़ते देखा गया।सनी देओल इंडस्ट्री के बड़े सितारे हैं। देओल फैमिली का इंडस्ट्री में रुतबा है, लेकिन सनी की पत्नी पूजा लाइमलाइट से हमेशा दूर रहती हैं। आज लंबे वक्त बाद उन्हें एक्टर के साथ यूं पब्लिकली स्पॉट किया गया है। पूजा देओल की खूबसूरती देख नेटिजंस हैरान रह गए हैं। वे ब्लैक ट्राउजर के साथ बेज कलर की शर्ट पहने दिखी हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सनी देओल और पूजा के इस वीडियो पर नेटिजंस मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। यूजर्स पूजा की खूबसूरती की तारीफ में कमेंट कर रहे हैं।

# बेटी अनन्या के समर्थन में उतरे चंकी पांडे



अनन्या पांडे की हालिया रिलीज फिल्म 'चांद मेरा दिल' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म के एक डांस वीडियो सीक्वेंस को लेकर अनन्या पांडे चर्चा में बनी हुई हैं और उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। अनन्या के भरतनाट्यम से प्रेरित फ्यूजन डांस वाले इस वीडियो को लेकर कई सोशल मीडिया यूजर्स और क्लासिकल डांसर्स ने अनन्या की आलोचना की है। अब अनन्या के पिता चंकी पांडे अपनी बेटी के समर्थन में उतरे हैं। डांस सीक्वेंस को लेकर अनन्या की हुई आलोचनाओं पर जवाब देते हुए चंकी पांडे ने कहा कि इस परफॉर्मेंस को पूरी तरह से गलत समझा गया। इसका मकसद कभी भी प्योर भरतनाट्यम परफॉर्मेंस देना नहीं था। ईटाइम्स से बात करते हुए चंकी ने बताया कि यह सीक्वेंस एक फ्यूजन एक्ट के रूप में तैयार किया गया था, जैसा कि अक्सर कॉलेज के कल्चरल फेस्टिवल में किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने इसे पारंपरिक भरतनाट्यम समझ लिया और उसी नजरिए से इसकी आलोचना करने लगे। उन्होंने दर्शकों से फिल्म को उसके संदर्भ में देखने और फिर प्रतिक्रिया देने की अपील की। फिल्म से वायरल हो रहे डांस सीक्वेंस में अनन्या को पारंपरिक क्लासिकल डांस की बजाय भरतनाट्यम, हिप-हॉप और लॉकिंग के फ्यूजन पर परफॉर्मेंस करते हुए दिखाया गया है। देखते ही देखते वीडियो चर्चा का विषय बन गया। कई भरतनाट्यम कलाकारों ने इसके डांस जॉनर की आलोचना की। चंकी पांडे ने इस बात पर जोर दिया कि शास्त्रीय भरतनाट्यम के लिए कई साल की कठिन ट्रेनिंग की

# 103 डिग्री बुखार में भी अक्षय ने की शूटिंग



अक्षय कुमार हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के नए गाने 'घिस-घिस-घिस' में बिल्कुल एक अलग अंदाज में नजर आए हैं। इस गाने में उनके साथ भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह भी नजर आई हैं। भोजपुरी फ्लेवर में बना ये गाना लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। हाल ही में अक्षरा सिंह ने इस गाने में अक्षय कुमार के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि अक्षय ने इस गाने की शूटिंग तेज बुखार में होने के बावजूद भी की थी।एक्ट्रेस ने कहा कि यह मेरे करियर के सबसे बड़े अवसरों में से एक है क्योंकि बचपन में जिनके गाने देख कर मैं बड़ी हुई हूं, जिनके साथ मैं स्टेप्स मैच करती थी, यूनिवर्स ने मुझे उनके साथ काम करने का काम दिया। मैं बहुत हैरान थी और भोजपुरी इंडस्ट्री से आने के कारण यह बहुत मायने रखता है।

# Business Updates:

## कॉरपोरेट बॉन्ड के लिए जल्द आएगी नई टोकन व्यवस्थ आईएनए सोलर का शुद्ध लाभ 59.3% बढ़ा




ऋण बाजार की सूरत बदलने के लिए सेबी एक बड़ा तकनीकी सुधार करने जा रहा है। सेबी ने कॉरपोरेट बॉन्ड्स के कारोबार और उसके सेटलमेंट को तेज व सुरक्षित बनाने के लिए डिजिटल लेजर टेक्नोलॉजी (डीएलटी) पर आधारित टोकनाइजेशन का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने का फैसला किया है। सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय के अनुसार, इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने में 6 से 9 महीने का समय लगेगा। उन्होंने निवेशकों को इसके जोखिम के प्रति भी आगाह किया। भारत में बॉन्ड्स की खरीद बिक्री बहुत कम होती है। तरलता कम होने के कारण निवेशकों के लिए समय से पहले बाजार से सुरक्षित बाहर निकलना काफी कठिन हो जाता है।कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता एवं एमडी विकास जैन ने कहा, कंपनी वर्तमान में 5.5 गीगावाट की

इसका मतलब वित्तीय प्रतिभूतियों को ब्लॉकचेन या डिजिटल लेजर इंफ्रास्ट्रक्चर पर डिजिटल टोकन के रूप में बदलना है। जब किसी बॉन्ड को टोकन का रूप दिया जाता है, तो उसका सेटलमेंट तुरंत और पूरी तरह स्वचालित हो जाता है। इसके जरिये बॉन्ड्स के छोटे हिस्से बेचे जा सकते हैं।सोलर पैनल बनाने वाली कंपनी इन्सोलेशन एनर्जी लि. (आईएनए सोलर) ने वित्त वर्ष 2025-26 में दमदार प्रदर्शन करते हुए 2163.52 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज किया। कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 200.47 करोड़ रुपये हो गया। प्रति शेयर आय इस वर्ष 9.10 रुपये रही। क्षमता के साथ देशभर में अपने नेटवर्क एवं उत्पादन क्षमताओं का विस्तार कर रही है।

# Gold Silver Price:

## चांदी की कीमतों में उछाल, सोने में स्थिरता आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी का असर



सोमवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं जबकि चांदी में आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण उछाल आया। सरकार ने चांदी आयात पर अंकुश लगाया, जिससे घरेलू बाजार में प्रीमियम बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि से सोने पर दबाव रहा।राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं। वहीं, चांदी की दरों में तेजी देखी गई और यह 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सफेद धातु के आयात पर नए प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण चांदी में यह उछाल आया।अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की वृद्धि हुई। शुक्रवार को यह 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव सर्राफा बाजार में 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत बनी रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सर्राफा बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं।केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह कदम रुपये पर दबाव कम करने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सौमिल गांधी ने कहा कि इस कदम से चांदी का आयात कम होने और घरेलू उपलब्धता में कमी आने की उम्मीद है।इससे स्थानीय बाजार में प्रीमियम बढ़ सकता है। सरकार का यह निर्णय बाजार सहभागियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

# Petrol-Diesel Price Impact:

## दाल से लेकर ढुलाई तक सब महंगा
## चना-अरहर के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा रसोई का बजट




देश में चना और अरहर दाल के दाम बढ़ने की आशंका है। कम आयात, कमजोर आवक और अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने बाजार में महंगाई बढ़ा दी है। डीजल-पेट्रोल महंगा होने से माल ढुलाई खर्च भी 10 से 15 फीसदी बढ़ गया है। टायर और वाहन पुर्जों की कीमतें बढ़ने से ट्रांसपोर्ट और महंगा हो सकता है। आइए, विस्तार से जानते हैं कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से और किन चीजों के दाम में बढ़ोतरी हुई है.देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका असर सीधे आम आदमी की रसोई पर दिखाई देने लगा है। आने वाले दिनों में चना और अरहर दाल के दाम और बढ़ सकते हैं। वहीं डीजल-पेट्रोल की महंगाई और माल ढुलाई खर्च बढ़ने से खाने-पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा के सामान तक महंगे होने की आशंका है। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने भी बाजार का तनाव बढ़ा दिया है। ऐसे में आम लोगों का घरेलू बजट और बिगड़ सकता है।इसका सीधा असर खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं पर पड़ रहा है।

### आखिर दालों के दाम क्यों बढ़ रहे हैं

इंडिया पल्सेज एंड ग्रेंस एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में चना और अरहर की आवक कम हो रही है। वहीं विदेशों से आयात भी घटा है। इसी वजह से बाजार में इन दालों के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते वित्त वर्ष में कुल दाल आयात घटकर 57.76 लाख टन रह गया, जबकि इससे पहले यह 69.3 लाख टन था। चने का आयात करीब पांच लाख टन घट गया। मसूर और मटर के आयात में भी बड़ी गिरावट दर्ज हुई। बाजार विशेषज्ञ राहुल चौहान के मुताबिक, अगर मौसम खराब रहा और उर्वरकों की कमी बनी रही तो आने वाले महीनों में दालों की कीमतें और बढ़ सकती हैं। पिछले एक महीने में कई दालों के दाम तेजी से बढ़े हैं। अरहर, मसूर, उड़द और देसी चना सभी महंगे हुए हैं। मंडियों में पुरानी अरहर का स्टॉक भी काफी कम बचा है। सरकार ने अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 8450 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जिससे बाजार में तेजी का माहौल और मजबूत हुआ है।मौसम को लेकर भी चिंता बढ़ती जा रही है। अल-नीनो के असर से इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। अगर मानसून कमजोर रहा, तो खरीफ सीजन में अरहर जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटेगा और बाजार में कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश कम होने का असर सिर्फ दालों पर नहीं, बल्कि सब्जियों और दूसरी कृषि उपज पर भी पड़ सकता है। यही वजह है कि बाजार अभी से महंगाई के नए दौर की आशंका जता रहा है।डीजल की किल्लत और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दबाव बढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुताबिक, कई राज्यों में करीब 20 फीसदी ट्रक सड़कों से हट गए हैं। इससे माल ढुलाई की लागत 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है।

# LIC: बोनस शेयर

## के दम पर चमका एलआईसी, पांच दिनों में 7% की तेजी कंपनी ने घोषित किया इतने रुपये का लाभांश




एलआईसी के शेयरों में रिकॉर्ड मुनाफे और 1:1 बोनस शेयर की घोषणा के बाद तेज उछाल आया है। पांच कारोबारी दिनों में कंपनी का स्टॉक 7 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया। चौथी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 23 फीसदी बढ़कर 23,420 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने 10 रुपये प्रति शेयर लाभांश का भी ऐलान किया है।देश की सबसे बड़ी सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर मंगलवार को 17.95 रुपये (2.14 फीसदी) की बढ़त के साथ 855.15 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में इसने 857 रुपये का उच्च स्तर छुआ। इस तेजी के साथ ही केवल पांच कारोबारी दिनों के भीतर इस पीएसयू कंपनी का स्टॉक 7.25 फीसदी तक चढ़ चुका है।शेयरों में आई इस हालिया तेजी के पीछे दो बड़े कारण हैं। पहला, मार्च 2026 की तिमाही में कंपनी का रिकॉर्ड तोड़ मुनाफा और दूसरा, निवेशकों के लिए 1:1 के अनुपात में मिलने वाला बोनस शेयर। एस इक्विटी के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एलआईसी भारत के पूरे वित्तीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी बनकर उभरी है।

## खिताब का बचाव करने से एक कदम दूर RCB: बल्ले और गेंद से दिखाया दम पाटीदार का कैच छोड़ना गुजरात को पड़ा महंगा



रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने क्वालिफायर-1 की बाधा पार कर ली है। आरसीबी ने धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराया। आरसीबी लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही है। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंच गई है। आरसीबी ने कप्तान रजत पाटीदार की विस्फोटक पारी से 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम 19.3 ओवर में 162 रन पर ऑलआउट हो गई। गुजरात के पास हालांकि, अभी भी फाइनल में जाने का एक मौका है। टीम अब हैदराबाद और राजस्थान के बीच बुधवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से शुक्रवार को क्वालिफायर-2 में भिड़ेगी। आरसीबी ने इस तरह कुल पांचवीं बार आईपीएल के फाइनल में जगह बनाई है। टीम इससे पहले, 2009, 2011, 2016 और 2025 में फाइनल में पहुंची थी। टीम ने पिछले सीजन पंजाब किंग्स को हराकर खिताब अपने नाम किया था और टीम खिताब का बचाव करने से एक कदम दूर है। दूसरी ओर, गुजरात के लिए इस मैच में कुछ अच्छा नहीं रहा। टीम के गेंदबाज जहां महंगे साबित हुए, वहीं बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे राहुल तेवतिया ने भले ही अर्धशतक लगाया, लेकिन टीम का अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। गुजरात की बल्लेबाजी इस मैच में इस कदर खराब रही कि टीम के आठ बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। सिर्फ साई सुदर्शन, जोस बटलर और तेवतिया ही डबल डिजिट में पहुंच सके। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पावरप्ले में पांच विकेट गंवा दिए। साई सुदर्शन के रूप में गुजरात टाइटंस को पहला झटका लगा।

## RCB vs GT: प्लेऑफ में आरसीबी के लिए भरोसेमंद साबित हुए हैं कप्तान पाटीदार लगा चुके हैं दो अर्धशतक और एक शतक

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की। उन्होंने एक बार फिर प्लेऑफ में अपना दम दिखाया। आइए जानते हैं आईपीएल प्लेऑफ में पाटीदार का प्रदर्शन कैसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन बनाए। इस पारी में पाटीदार ने नौ छक्के और पांच चौके लगाए। पाटीदार के दमदार प्रदर्शन की बदौलत ही आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। आरसीबी ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। रजत पाटीदार ने आईपीएल करियर में छह प्लेऑफ मुकाबले खेले हैं, जिसमें 112.66 की औसत और 193.14 की स्ट्राइक रेट के साथ 338 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकले।



इन छह मुकाबलों में पाटीदार ने 24 छक्के और 25 चौके लगाए हैं। आईपीएल प्लेऑफ में सिर्फ सुरेश रैना (40), महेंद्र सिंह धोनी (28) और कीरोन पोलार्ड (25) ने ही पाटीदार से ज्यादा छक्के लगाए हैं। रजत पाटीदार साल 2021 से अब तक सिर्फ आरसीबी के लिए ही खेले हैं। साल 2022 में उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में 54 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 112 रन बनाए थे, जिसके बाद क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध 42 गेंदों में 58 रन की पारी खेली थी। आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर मैच में पाटीदार ने राजस्थान रॉयल्स के विरुद्ध 22 गेंदों में 34 रन बनाए थे। आईपीएल 2025 में पाटीदार की कप्तानी में ही आरसीबी ने अपना पहला आईपीएल

## धर्मशाला में आया पाटीदार का तूफान: RCB ने बनाया आईपीएल प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर टीम का तीसरा सर्वोच्च टोटल

कप्तान रजत पाटीदार की विस्फोटक पारी से आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल प्लेऑफ का सर्वोच्च टोटल बनाया। आरसीबी ने गुजरात को 255 रनों का लक्ष्य दिया। टूर्नामेंट के प्लेऑफ इतिहास में यह सबसे बड़ा टोटल है। कप्तान रजत पाटीदार की दमदार पारी की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 255 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 254 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास में प्लेऑफ का सबसे बड़ा टोटल स्कोर है। आरसीबी ने इस मामले में गुजरात को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 233 रन बनाए थे। आरसीबी के लिए पाटीदार ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 93 रनों की पारी खेली जिससे टीम विशाल लक्ष्य देने में सफल रही। पाटीदार का कैच कगिसो रबाडा ने 20 रन के स्कोर पर छोड़ा था और गुजरात को अंत में यह काफी महंगा पड़ा। पाटीदार ने इस मैच में विस्फोटक बल्लेबाजी की।



उन्होंने क्रुणाल पांड्या के साथ चौथे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की। आरसीबी की ओर से क्रुणाल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 43 रन बनाए, जबकि कोहली ने 25 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रनों की पारी खेली। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने 30, वेंकटेश अय्यर ने 19 और टिम डेविड ने चार रनों का योगदान दिया। वहीं, जितेश शर्मा पांच गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात के लिए रबाडा और जेसन होल्डर ने दो-दो विकेट झटके, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को एक सफलता मिली। आरसीबी ने सिर्फ आईपीएल प्लेऑफ का सर्वोच्च स्कोर ही नहीं बनाया, बल्कि टूर्नामेंट के नॉकआउट मैचों में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। आरसीबी ने गुजरात के खिलाफ क्वालिफायर-1 मुकाबले में 38 बाउंड्री लगाई। आरसीबी ने इसके साथ ही सीएसके का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2012 में दिल्ली के खिलाफ 33 बाउंड्री लगाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने सीएसके के खिलाफ 2014 में आईपीएल प्लेऑफ मुकाबले में 32 बाउंड्री लगाई थी। आईपीएल में आरसीबी का यह तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। टूर्नामेंट में टीम ने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ सर्वाधिक स्कोर बनाया था। उस मैच में आरसीबी ने पांच विकेट पर 263 रन बनाए थे। वहीं, 2024 में हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी ने सात विकेट पर 262 रन बनाए थे। अब टीम चौथी बार आईपीएल में 250 रन का आंकड़ा छूने में सफल रही है, जबकि टीम का टूर्नामेंट में यह तीसरा सर्वोच्च टोटल है। पाटीदार ने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 93 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी में 5 चौके और 9 छक्के शामिल रहे।

## AUS vs PAK: मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर ये बल्लेबाज संभालेगा ऑस्ट्रेलिया टीम की कमान




पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श वनडे टीम से बाहर हो गए हैं। मार्श को चोट लगी थी जिस कारण वह इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ उनकी उपलब्धता अनिश्चित है। ऐसे में जोश इंग्लिस को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा मिचेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। मार्श की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंग्लिस पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श, जो लखनऊ सुपर जाएंट्स के आईपीएल सीजन का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे वे अगली सूचना तक आगे की जांच और इलाज के लिए पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के सीमित ओवर सीरीज के दौरे के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा। मिचेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा रहे। चोट के कारण वह शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी मैच में नहीं खेल सके थे। 19 मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मुकाबले के बाद मार्श ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे लेकिन टखने में चोट के कारण पाकिस्तान नहीं जा सके। मिचेल मार्श का सीरीज से बाहर होना ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस सीजन मार्श ने बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन किया था मार्श ने 13 मुकाबलों में 43.30 की औसत के साथ 563 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे। 22 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 55 रन की पारी खेलने के बाद मार्श ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 111 रन बनाए। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 90 रन की पारी खेली। आरआर के विरुद्ध अगले मुकाबले में मार्श ने 96 रन बनाए थे। इस ताजा झटके का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज के लिए अपने चौथे कप्तान पर निर्भर रहेगा, क्योंकि कमिंस और उपकप्तान ट्रेविस हेड दोनों ही आईपीएल प्लेऑफ की प्रतिबद्धताओं के कारण उपलब्ध नहीं हैं।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

















